प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/544 दिनांक: 07 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्रायें,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः **विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षान्त समारोह में छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग करने हेतु ऑन-लाइन पंजीकरण** (Registation) **किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 26 दिसम्बर, 2023 (मंगलवार) को महामहिम श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में आयोजित किया जाना निर्धारित है। उक्त दीक्षान्त समारोह में सत्र 2022-23 के स्नातक, परास्नातक एवं पी0एच0डी0 डिग्री धारकों को उपाधि एवं पदक प्रदान किया जायेगा। उपाधि/पदक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.aktu.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑन-लाइन पंजीकरण (Registation) कराना आवश्यक है, जिन छात्र/छात्राओं का **सी0जी0पी0ए0 (CGPA) 8.5** या उससे अधिक है का पंजीकरण **दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को सायः 5.00 बजे तक** कराकर निर्धारित शुल्क जमा करते हुए प्रतिभाग कर सकते है तथा पदक-धारक छात्र/छात्राओं को कोई शुक्ल देय नहीं होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित कार्यो में अपना पूर्ण सहयोग करने का कष्ट करें।

भवदीय

07/12/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जन सम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक